## संपादकीय

# परंपरा और आस्था

केरल के सबरीमाला मंदिर में दो महिलाओं के प्रवेश करने से इस मुद्दे को लेकर अभियान चला रही महिलाओं में उत्साह है। लेकिन मामले का दूसरा पहलू यह है कि इसके विरोध में खड़ी शक्ति यों की पहल पर आयोजित बंद पूरे राज्य में हंगामे का सबब बन गया। इस दौरान हुई तोड़-फोड़ में एक व्यक्ति की जान चली गई और कई घायल हो गए। महिलाओं के मंदिर प्रवेश के विरोध में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के समूह सबरीमाला कर्म समिति (एसकेएस) ने हड़ताल का आह्वान किया था, जिसे बीजेपी का खुला समर्थन प्राप्त था।

दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने भी महिलाओं के मंदिर प्रवेश के विरोध में काला दिवस मनाया। बीजेपी का आरोप है कि राज्य सरकार ने साजिश के तहत महिलाओं को मंदिर भेजा। राज्य सरकार की दलील है कि उसने उन दो औरतों को सुरक्षा प्रदान करके सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया है और अपना संवैधानिक दायित्व निभाया है। परंपरा के अनुसार इस मंदिर में 10 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। लेकिन इस परंपरा को स्त्री विरोधी मानते हुए केरल की महिलाओं ने इसका संगठित विरोध किया और कहा कि सभी आयुवर्ग की स्त्रियों को इस मंदिर में पूजा-पाठ का अधिकार मिलना चाहिए। पिछले कुछ समय से वे इसके लिए एकजुट होकर अभियान चला रही हैं।

मामला अदालत पहुंचा तो पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र वर्ग के महिलाओं के प्रवेश की इजाजत दे दी। लेकिन मंदिर प्रशासन और परंपरावादी लोग आज भी इसके लिए तैयार नहीं हैं और बीजेपी का खुला समर्थन मिलने से मंदिर प्रवेश के लिए प्रयासरत महिलाओं के प्रति उनका रुख और भी आ मक हो गया है। एक बात तो तय है कि इसे एक झटके में आर या पार की लड़ाई की तरह देखने का कोई फायदा नहीं है। यह हिंदू धर्म की परंपरागत और उदार व्याख्या का टकराव है और इसका समाधान समय बीतने के साथ ही निकलेगा। धर्म का स्वरूप उसकी नई-नई व्याख्याओं के साथ बदलता है।

दिक्क त तब आती है जब राजनीतिक ताकतें इस प्रि या में अपना हित देखने लगती हैं। पिछले कुछ समय से देश में एक खास राजनीतिक धारा ने हिंदू धर्म के उदार स्वरूप के बजाय उसके कट्टरपंथी स्वरूप को हवा दी है, जिसके चलते धर्म में सुधार की गुंजाइश कम हुई है। केरल में फिलहाल यही हो रहा है। दुखद यह है कि अपने को सेक्युलर कहने वाली कुछ पार्टियां भी इस मामले में यथास्थितिवादियों का साथ दे रही हैं। अपने धार्मिक अधिकारों के लिए संघर्षरत महिलाएं इस बात को लेकर आश्वस्त हो सकती हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद न सिर्फ केरल सरकार को बल्कि केंद्र सरकार को भी इस खास मामले में उनका साथ देना होगा। अपनी ताकत वे दुनिया को दिखा ही चुकी हैं। अच्छा हो कि कुछ समय वे इस मुद्दे पर लोगों की समझ सुधारने में लगाएं।

# जल्द प्लेन में मिलेगा मोबाइल सेवाओं का मजा! सरकार ने बनाई समिति

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने तीन माह के भीतर उड़ान और समुद्र में यात्रा के दौरान मोबाइल सेवाओं को शुरू करने के लिए शुक्रवार को एक अंतर-मंत्रालयी समिति बनाने का फैसला किया। सूत्र ने बताया कि अंतर-मंत्रालयी समूह उड़ान और समुद्री संपर्क (आईएफएमसी) सेवाओं को पूरी तरह से लागू किये जाने तक मुद्दों को सुलझाने के लिए हर 15 दिन पर बैठक करेगा और मंजूरी प्रक्रिया को तेजी देगा।

सूत्र ने बताया, विमानन, जहाजरानी कंपनियों, दूरसंचार



सेवा प्रदाताओं और सरकारी विभागों के साथ आज बैठक हुई। इसमें आईएफएमसी सेवाओं को जल्द से जल्द लागू करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह के गठन का निर्णय किया गया। इस व्यवस्था के ठीक ढंग से लागू होने तक मुद्दों के समाधान के लिए यह समूह हर 15 दिन पर बैठक करेगा।

सरकार ने भारतीय सीमा क्षेत्र में उड़ान और जहाज यात्रा के दौरान मोबाइल सेवाओं के इस्तेमाल को लेकर नियम अधिसूचित किया है। दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त सचिव अंशु प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित आईएफएमसी की बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस बैठक में दूरसंचार विभाग के अलावा नागर विमानन महानिदेशालय, नौवहन महानिदेशालय, अंतरिक्ष विभाग के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एयर इंडिया, विस्तारा, इंडिगो, स्पाइसजेट, गो एयर, जेट एयरवेज, एयर एशिया, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, टाटा टेलीनेट, इनमारसैट, पैनासोनिक और नोकिया जैसी कंपनियों के अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। सूत्र ने बताया, चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि इन सेवाओं को तीन माह के भीतर लागू किया जाएगा। स्पाइसजेट के मुताबिक उसने 10 विमानों में सेवा प्रदान करने के लिए व्यवस्था की है। डीजीसीए ने कहा वह विमानों में होने वाले बदलावों को तेजी से मंजूरी देगा।

# 'बंपर डिस्काउंट' बंद करने से परेशान ई-कॉमर्स कंपनियां




नई दिल्ली। ई-कॉमर्स नीतियों में किये गए बदलावों को लेकर बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां सरकार का दरवाजा खटखटा सकती है. ये कंपनियां नए FDI नियमों को लागू करने की समयसीमा को 1 फरवरी से आगे बढ़ाने की मांग कर सकती हैं.

कंपनियों का मानना है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र से जुड़ी नीतियों में जो बदलाव किए गए हैं उनका पालन करने और उन्हें लागू करने के लिए कम से कम 4 से 5 महीने चाहिए.

एक बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी के अधिकारी ने बताया कि किसी भी सूरत में कंपनियों को 4 से पांच महीने इसे लागू करने में लगेंगे ही.

**क्या हैं नए नियम?**

विदेशी निवेश वाले ऑनलाइन मार्केटप्लेस के नए नियमों से कई कंपनियों को नुकसान होगा तो कई कंपनी फायदे में रहेंगी. नया नियम किसी ई-कॉमर्स कंपनी को उन सामानों की बिक्री अपने प्लेटफॉर्म से बेचने से रोकता है, जिनका उत्पादन वह खुद या उनकी कोई सहयोगी कंपनी करती हो.

# नई वेगेन आर 23 जनवरी को होगी लॉन्च, फोटो लीक

नई दिल्ली। नई इसी महीने 23 जनवरी को लॉन्च होगी. इस कार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही हैं. मारुति की नई वैगन आर का लोग



लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. साल की शुरुआत में मारुति की लॉन्चिंग कंपनी के लिए बड़ा ईवेंट है. ऐसे में ट्विटर पर लीक हुई जानकारी के आधार पर हम आपको बता रहे हैं कि इस कार का लुक और इंटीरियर कैसा होगा और इसकी कीमत कितनी हो सकती है.

कैसी होगी नई कार?

नई Wagon R के लुक और स्टाइलिंग को लेकर तमाम चर्चाएं पिछले कुछ दिनों में हुई हैं. लेकिन नई कार का लुक जापान की Wagon R से बिल्कुल अलग है. नई Wagon R में कॉस्मैटिक चेंज ज्यादा हैं और आपको बिल्कुल अलग एक्सटीरियर मिलेगा. इसके अलावा इसकी फ्रंट ग्रिल चौड़ी और ज्यादा आकर्षक है. कार के हेडलैंप्स पहले के मुकाबले बड़े हैं. फॉग लाइट को भी अपग्रेड किया गया है.

कैसा है इंटीरियर?

नई Wagon R के डैशबोर्ड का डैशबोर्ड मौजूदा वर्जन जैसा ही सिंपल है. हालांकि, इनमें नया टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम और रिवाइज्ड इंस्ट्रूमेंट पैनल कंपनी पेश कर सकती है.

# 2000 हजार के नोट की छपाई पर लगी रोक

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को संकेत दिया है कि दो हजार रुपये के नोटों की छपाई को फिलहाल के लिए रोक दिया गया है, क्योंकि चलन में यह नोट पर्याप्त मात्रा में है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2016 में नोटबंदी के बाद 2,000 रुपये का नोट पेश किया गया था।

आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा कि अनुमानित जरूरत के हिसाब से नोटों की छपाई की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि सिस्टम में 2,000 रुपये के नोट पर्याप्त मात्रा में हैं।

# पेट्रोल, डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में शनिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। इससे पहले दो दिनों तक पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रही थीं। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में 15 पैसे, जबकि चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। डीजल के दाम दिल्ली और कोलकाता में 18 पैसे, जबकि मुंबई में 20 पैसे और चेन्नई में 19 पैसे प्रति लीटर कम हो गए हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें शनिवार को क्रमशः 68.29 रुपये, 70.43 रुपये, 73.95 रुपये और 70.85 रुपये प्रति लीटर थीं। चारों महानगरों में डीजल के दाम क्रमशः 62.26 रुपये, 64.03 रुपये, 65.14 रुपये और 65.72 रुपये प्रति लीटर दर्ज किए गए।

दिल्ली-एनसीआर स्थित नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमतें घटकर क्रमशः 68.62 रुपये, 68.49 रुपये, 69.87 रुपये और 69.65 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।

# मैं बेहतर इंसान बनने की कोशिश कर रहा हूं- डेविड वार्नर

नई दिल्ली। निलंबित आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि वह निजी तौर पर बेहतर इंसान बनने की कोशिशों में लगे हैं। वह बंगलादेश की टी 20 क्रिकेट लीग की टीम सिलहट सिक्सर्स के कप्तान हैं। बॉल टेंपरिंग प्रकरण में दोषी पाए जाने के बाद एक वर्ष का निलंबन झेल रहे वार्नर बीपीएल में अपनी टीम की कप्तानी करने जा रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं इन दिनों अपने परिवार के साथ समय बिता रहा हूं और निजी तौर पर खुद में सुधार लाने के लिए कोशिशें कर रहा हूं।



निलंबित आस्ट्रेलियाई उपकप्तान ने कहा, मैं अपने परिवार के साथ समय बिता रहा हूं। मैं यदि टीम से बाहर होता तो ऐसा नहीं कर पाता। यह खुद को बेहतर बनाने और खुद से अच्छा इंसान बनने से जुड़ा है। मेरे लिए घर पर सबसे अहम पति और पिता की भूमिका होती है।

# खराब रोशनी के कारण रूका खेल, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 236/6

सिडनी (आरएनएस)। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे




चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार का खेल खराब रोशनी के कारण रूक गया है। मैच के तीसरे सत्र में अंपयारों ने अंधेरा होता देख मैच रोकने का फैसला किया। खेल जब रोका गया तब आस्ट्रेलिया ने छह विकेट के नुकसान पर 236 रन बना लिए थे।

विकेट पर पीटर हैंड्सकॉम्ब 28 और पैट कमिंस 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। आस्ट्रेलिया अभी भी भारत से 386 रन पीछे है। भारत ने मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी छह विकेट के नुकसान पर 622 रनों पर घोषित की थी। भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने 193, ऋषभ पंत 159, रवींद्र जडेजा 81 और मयंक अग्रवाल ने 77 रनों की पारियां खेलीं।

# देखें, इस दिन लग रहा है साल का पहला सूर्य ग्रहण, इन 2 राशि के लोगों पर होगा अधिक असर

साल 2019 का सबसे पहला सूर्यग्रहण भारतीय समय के अनुसार, ग्रहण 6 जनवरी की सुबह 5 बजकर 4 मिनट पर लगेगा, इसके 12 घंटे पहले ग्रहण का सूतक लगेगा। जबकि 9 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगा। ग्रहण के समय सूर्य धनु राशि में होगा, सूर्य के साथ शनि, बुध और चंद्रमा भी इसी राशि में होंगे। इसलिए इस सूर्य ग्रहण को



काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इसका असर मिथुन राशि और कर्क राशि के जातकों पर अधिक होगा। इससे पहले पहले बता दें कि यह सूर्य ग्रहण शनि अमावस्या है पर है, इस दिन आप शनि भगवान के मंत्र का जाप कर सकते हैं। मिथुन राशि- इस राशि के जातक दूसरों के मामले में टांग अड़ाने से बचे, अन्था आपका अपमान हो सकता है।आपके लिए यात्रा का भी योग बन रहा है, लेकिन आपको आपने काम भी ध्यान देने की जरूरत है।परिवार पत्नी के साथ थोड़ा समय कष्दायक हो सकता है। कर्क राशि-इस राशि के जतकों को परिवारिक कारणों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। वहीं आप जोखिम भरे कार्यो से बचने का प्रयास करे। आपको मानसिक उलझनों का भी सामना करना पड़ सकता है।जबकि अन्य राशियों पर ग्रहण का प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि भारत में ग्रहण नहीं दिखेगा।लेकिन आप इंटरनेट पर ऑनलाइन टेलीकास्ट के जरिए आसानी से देख सकते हैं।ग्रहण चीन, जापान, रूस समेत दुनिया के कुछ अन्य देशों में भी दिखेगा।

# भारत को धोनी-गिलक्रिस्ट जैसा विकेटकीपर मिला, पंत कई शतक लगाएगा- माइकल क्लार्क

नई दिल्ली। ऋषभ पंत ने सिडनी में शतक बनाकर उन आलोचकों को चुप करा दिया है, जो यह कर रहे थे कि वे लंबी पारियां नहीं खेल पा रहे हैं. 21 साल के ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 159 रन की पारी खेली. कप्तान विराट कोहली ने जब 7 विकेट पर 622 रन की पारी घोषित की, तब पंत क्रीज पर नाबाद थे. पंत की इस पारी की सभी ने खूब तारीफ की. ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क ने



तो यह तक कहा कि पंत के रूप में भारत को एमएस धोनी और एडम गिलक्रिस्ट जैसा विकेटकीपर बल्लेबाज मिल गया है. ऋषभ पंत ने टेस्ट करियर 2018 में ही शुरू किया है. उन्होंने अब तक नौ टेस्ट मैच खेले हैं. वे इन मैचों में 49.71 की औसत से 696 रन बना चुके हैं.

# आज का राशिफल

मेषः नए कार्य करने के लिए दिन अनुकूल है। गूढ़ विद्या तथा रहस्यमय विषयों को जानने-समझने की जिज्ञासा आज आपमें बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में है।

वृषभः दिन की शुरुआत आज आमोद-प्रमोद और मित्रों की भेंट से हो सकती है। अन्य व्यक्ति भी आज आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है।

मिथुनः आज चार ग्रहों के संयोग का आपको लाभ मिल रहा है। आपका दिन आज मनोरंजन और आनंद से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्कः प्रतिकूलता में भी आप परिश्रमपूर्वक कार्य करेंगे तो आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पेट से संबंधित समस्या हो सकती है।

सिंहः आज का दिन ध्यान से चलने का दिन है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। शारीरिकरूप से कुछ अस्वस्थता का अनुभव होगा। साथ ही परिजनों से किसी बात पर बहस भी हो सकती है।

कन्याः चार ग्रहों के संयोग से आज आपकी राशि में लाभ और भाग्यवृद्धि का योग बना है। परिजनों से लाभ होगा। संबंधों में प्रेम बना रहेगा। दोपहर बाद आपके मन में किसी बात की चिंता सताएंगी।

तुलाः शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नकारात्मक मानसिकता से बाहर निकलकर सकारात्मक विचारों को अपनाएं।

वृश्चिकः आज आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्ण दिन बीतेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे।

धनुः आज हर कार्य में सतर्कता बरतें। आमोद-प्रमोद के पीछे आप अधिक खर्च कर सकते हैं। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी, इसे त्यागने की कोशिश करें।

मकरः शुभ योग से आज का दिन व्यापार-उद्योग और व्यावसायियों के लिए लाभदायी है। संतान और जीवनसाथी से लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन भी खुश रहेगा।

कुंभः आज का दिन लाभकारी है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आप सम्मानित भी होंगे। व्यवसाय या व्यापार में पदोन्नति होगी। आज अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे, भविष्य में इससे आपको फायदा होगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीनः बौद्धिक तथा उससे संबंधित लेखन कार्य में आज आप सक्रिय रहेंगे। नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे। लंबे प्रवास तथा धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में स्थित मित्र तथा स्नेहीजनों से मेल-जोल रहेगा। शरीर में उल्लास और थकान दोनों का अनुभव होगा।

# मक्की के स्पाइसी चिप्स बनाने की विधि



चिप्स बच्चों को बेहद पसंद होते है। इन्हें खाने में बड़े भी पीछे नहीं। चिप्स तो बहुत सारी चीजों की होती है लेकिन मक्की चिप्स सभी से हटकर है। यह स्वाद में चटपटा वा लजीज होता है। तो इस स्वाद का मजा लेने के लिए क्यूं ना इसे घर पर बनाया जाए। अब ये मत सोचिएगा कि आपको बनाना नहीं आता और आप कैसे बनाएंगे। आज हम आपको यही बताने जा रहे हैं कि मक्की के चिप्स को कैसे बनाया जाए।

आवश्यक सामग्री

मक्की का आटा- 1 कप (150 ग्राम)
गेहूं का आटा- ड्ट कप (75 ग्राम)
तेल- 2 टेबल स्पून
नमक- ड्ट छोटी चम्मच या स्वादानुसार
हल्दी पाउडर- द छोटी चम्मच
अजवायन- द छोटी चम्मच
तेल- तलने के लिए

बनाने की विधि

कड़ा आटा गूंथिए

किसी गहरे बर्तन में मक्की का आटा लीजिए और गेंहू का आटा भी उसमे मिक्स कर लीजिए, फिर उसमे नमक, हल्दी, अजवायन मसलकर डाल दीजिए फिर थोड़ा सा तेल आटे में डालकर मोयम दीजिए, फिर उसे अच्छे से मिक्स करके आटे को कड़ा गूथ लीजिए। गूथे आटे को 10-15 मिनट ढ़क कर रख दीजिए ताकि आटा फूलकर सैट हो जाए।

गोल शीट बेलिए

कड़ाही गैस पर रखिए और उसमे तेल डालकर गर्म कर लीजिए। आटे की छोटी-छोटी लोई लेकर गोल सा पतला बेलिए। पूरा बेलने के बाद इसे कांटे से गोंद लीजिए। बीच से आधा करते हुए काट लीजिए और फिर तीकोने में उसे छोटा-छोटा काटिए। गर्म हुए तेल में इस कटे हुए टुकड़ों को डालिए और गोल्डन ब्राउन होने तक तल लीजिए। तले हुए नाचोज चिप्स निकालकर नैपकिन पेपर बिछी प्लेट में रख लीजिए। सारे नाचोज चिप्स इसी तरह तल लीजिए। एक बार के चिप्स तलने में 5 मिनिट लग जाते हैं। कम मसाले के नाचोज चिप्स बनकर तैयार हैं। मसालेदार नाचोज बनाने के लिए एक प्याले में ड्ट छोटी चम्मच नमक, ड्ट छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर, ड्ट छोटी चम्मच अमचूर पाउडर और द छोटी चम्मच काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स कर लीजिए। इस मसाले को नाचोज के ऊपर हल्का-हल्का डालते हुए छिड़क दीजिए और मिला दीजिए।ि स्पी और मसालेदार नाचोज़ चिप्स बनकर तैयार है। नाचोज चिप्स को सालसा मेयोनीज, चीजी डिप या अपनी मनपसंद डिप के साथ में परोस सकते हैं।


# शब्द सामर्थ्य-39

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 38 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | टट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू-39

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.38 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |